कार्यालय

मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश

लोक भवन, लखनऊ

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संख्या 1220/चौंतीस-लो०शि०-5/2023 दिनांक 27/12/2023

मानव सम्पदा (eHRMS) पोर्टल

मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में अधिकारियों/कर्मचारियों के सेवा सम्बन्धी विवरणों के ऑनलाइन रखरखाव तथा मैरिट बेस्ड ऑनलाइन स्थानान्तरण किए जाने हेतु **मानव सम्पदा पोर्टल** विकसित किया गया है। इस सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा विभिन्न शासनादेशों के माध्यम से समय-समय पर विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

2. इस सम्बन्ध में कृपया इस कार्यालय के पत्र संख्या 1048/चौंतीस-लो०शि०5/2023 दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करें जिसके प्रस्तर 3(1) में अपेक्षा की गई थी कि **"माह दिसम्बर, 2023 का वेतन जो 01 जनवरी, 2024 को देय होगा, वह मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से ही जारी किया जाए।"**

3. मानव सम्पदा पोर्टल पर उक्त के सम्बन्ध में तैयारियों की समीक्षा दिनांक 26 दिसम्बर, 2023 को की गई, जिसमें यह पाया गया कि अधिकांश विभागों द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं यथा स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग आदि परन्तु कतिपय विभागों में कार्यवाही पूर्ण नहीं हो सकी है, जिस कारण इन विभागों के कार्मिकों का दिसम्बर, 2023 माह का वेतन बाधित होने की सम्भावना है।

4. उपर्युक्त के दृष्टिगत कार्मिकों का वेतन मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से ही जारी किए जाने की समयावधि एक माह के लिए बढ़ाई जाती है। **अब माह जनवरी, 2024 का वेतन जो 01 फरवरी, 2024 को देय होगा, वह मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से ही जारी किया जाए।**

5. तथापि ऐसे कार्यालयों को चिन्हित किया जाए जहां उपर्युक्त कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण नहीं हो सकी है। ऐसे कार्यालयों में **विलम्ब हेतु दोषी अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्मिक विभाग के माध्यम से एक पक्ष के भीतर मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराए जाने की अपेक्षा की गई है।**

27.12.2023

(एस०पी० गोयल)

अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री

उत्तर प्रदेश शासन।

1- समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,

उ०प्र० शासन।

2- समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष,

उत्तर प्रदेश।